Std-II (Hindi Lit.)

पाठ-8

जापान

शब्दार्थ

खुशी - प्रसन्नता

धनवान -- अमीर

ज़मीन -- भूमि

अवश्य -- ज़रूर

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

Q.1 - यह पत्र किसने किसे लिखा है?

उत्तर:- यह पत्र अक्षिता ने अपनी सहेली रीना को लिखा है।

Q.2 - उद्योग में जापान अन्य देशों से आगे क्यों है?

उत्तर:- जापान के लोग बहुत मेहनती होते हैं तथा यहाँ के लोग अपना हर काम मन लगाकर करते हैं ,इसलिए यह अन्य देशों से आगे है।

Q.3 - जापान के लोग भूमि पर क्यों सोते हैं?

उत्तर:- अधिक भूकंप आने के कारण जापान के लोग अपने घर में बहुत कम सामान रखते हैं, इसलिए भूमि पर सोते हैं।

Q.4 - अक्षिता गर्मी की छुट्टियों में जापान ही क्यों गई थी?

उत्तर :- अक्षिता को विद्यालय की ओर से जापान घुमाने के लिए ले जाया गया था, इसलिए अक्षिता जापान गई थी।

Q.5 - जापान में हल्के घर क्यों बनाए जाते हैं?

उत्तर:- जापान में बहुत भूकंप आते रहते हैं, इसलिए वहाँ हल्के घर बनाए जाते हैं।

Q.6 - 'चैरी उत्सव' की क्या विशेषता है?

उत्तर :- जापान में 'चैरी' नामक पेड़ पर सुंदर फूल खिलते हैं, इसी खुशी में जापानी लोग 'चैरी उत्सव' मनाते हैं। इस उत्सव को मनाते समय वे अपना पारंपरिक पहनावा 'किमोनो' पहनते हैं।

Q.7 -जापान की राजधानी का नाम लिखो।

उत्तर :- जापान की राजधानी टोकियो है।

Q.8 -जापान के लोगों का प्रिय खेल कौन-सा है?

उत्तर :- जापान के लोगों का प्रिय खेल बेसबॉल और सूमो है।

Q.9 - एशिया महाद्वीप पर स्थित किन्हीं पाँच देशों के नाम लिखो।

उत्तर:- एशिया महाद्वीप पर स्थित पाँच देश हैं-

१. भारत

२. चीन

३. नेपाल

४. जापान

५. भूटान

भाषा संसार

Q.10.बहुवचन रूप लिखें:--

चटाई - चटाइयाँ

मिठाई -- मिठाइयाँ

लड़ाई - लड़ाइयाँ

छुट्टी - छुट्टियाँ

सखी - सखियाँ

लड़की - लड़कियाँ

Q.11.समान अर्थवाले शब्द लिखें:--

संसार --- विश्व

भूमि --- ज़मीन

पर्वत --- पहाड़

वर्ष --- साल

त्योहार --- उत्सव

घर --- गृह